हरिभूमि

# हिसार-हांसी भूमि

रोहतक, बुधवार 18 फरवरी 2026

11 कलश यात्रा के साथ आठ दिवसीय भागवत कथा शुरू



12 पुराने साथियों से मुलाकात का बेहतरीन मंच है एलुमनाई मीट




## खबर संक्षेप

### आज शहर के कई क्षेत्रों में बिजली रहेगी बंद

**हिसार।** दक्षिण हरियाणा बिजली निगम द्वारा आरडीएसएस स्कीम के तहत 18 फरवरी को पुरानी तारों के बदलने का काम किया जाएगा। इसके चलते आईटीआई, तलवंडी, जुगलान व मुलतानी चौक फीडर पर सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। इस कारण बड़वाली ढाणी, एकता नगर, सैनियान मौहल्ला, पुरानी सब्जी मंडी, विकास नगर, जलेबी चौक, सुदामा नगर, मुल्तानी चौक के आसपास का एरिया प्रभावित होगा। यह काम अगले 2 दिनों तक चलेगा।

### 21 बेसहारा पशु पकड़कर गो अभ्यारण भिजवाए

**हिसार।** नगर निगम द्वारा बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान लगातार जारी है। अभियान के सहायक नोडल अधिकारी सुरेन्द्र वर्मा की देखरेख में नगर निगम की टीम ने मंगलवार को विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की। एएसआई संदीप बिश्नोई ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम की टीम ने सेक्टर 16-17, सेक्टर 28, सेक्टर 9-11, कैमरी रोड क्षेत्र से 21 बेसहारा पशुओं को पकड़ा। पकड़े गए सभी पशुओं को गो अभ्यारण भेज दिया गया है। नगर निगम की टीम के साथ पुलिस विभाग की टीम भी मौके पर मौजूद रही।

### नि:शुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर 20 फरवरी को

**हिसार।** दिव्यांग पुनर्वास एवं स्वास्थ्य केंद्र में प्यारेलाल किशनलाल एजुकेशनल एंड सोशल ट्रस्ट द्वारा 20 फरवरी को निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर लगाया जाएगा। इस दौरान दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग भी निशुल्क वितरित किए जाएंगे और यथासंभव दवाइयां भी निशुल्क उपलब्ध करवाई जाएंगी। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष डॉ. रोशनलाल गोयल ने बताया कि इस अवसर पर विधायक रणधीर पनिहार के पुत्र एवं भाजपा युवा मोर्चा नलवा प्रभारी भूपेंद्र पनिहार मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

### नि:शुल्क शिविर में 130 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

**हिसार।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा महावीर कॉलोनी स्थित अर्बन हेल्थ सेंटर में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह जांच शिविर टीबी अस्पताल के सहयोग से संपन्न हुआ। शिविर में लगभग 130 नागरिकों की टीबी, हीमोग्लोबिन, शुगर, ब्लड प्रेशर आदि की जांच की गई तथा आवश्यकतानुसार एक्स-रे की सुविधा दी गई। इस अवसर पर डॉ. पंकज सिंगला, डॉ. पूर्व शर्मा, डॉ. दशरथ शर्मा, फार्मासिस्ट सुदामा बौद्ध आदि थे।

### हॉट मिक्स प्लांट से केबल व जेनरेटर बैटरी चोरी

**नारनौंद।** क्षेत्र के गांव कापड़ो स्थित ढुल हॉट मिक्स प्लांट से सोमवार देर रात जेनरेटर की बैटरी, मोटर स्टार्टर व केबल आदि समान चोरी हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कापड़ो निवासी राजबीर ने बताया कि वह बुडायण रोड स्थित ढुल हॉट मिक्स प्लांट में चौकीदार है। 16 फरवरी को रात 1 बजे अज्ञात लोग प्लांट परिसर में घुसकर कैबिन से एक जेनरेटर की बैटरी, एक मोटर का स्टार्टर, जेनरेटर का 20 फुट लंबा तार व वेल्डिंग सेट की लगभग 50 फुट केबल चोरी कर ले गए।

### 8.40 ग्राम हेरोइन सहित एक आरोपी काबू

**हिसार।** नशीले पदार्थों की तस्करी पर अंकुश के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एंटी व्हीकल थेफ्ट टीम ने एक आरोपी को अग्रोहा से गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान अग्रोहा में माता मंदिर के पास रहने वाले सोनू के रूप में हुई है। पुलिस ने अनुसार एंटी व्हीकल थेफ्ट प्रभारी धर्मबीर सिंह के नेतृत्व में टीम ने गुप्त सूचना पर आरोपी को दबोचा और उसके कब्जे से 8.40 ग्राम हेरोइन, एक मोबाइल फोन तथा 1000 रुपये की नकदी बरामद की।

## खाटू श्याम मेले के लिए अनारक्षित स्पेशल ट्रेन 25 से

- 25 से 28 फरवरी तक हिसार से 05 .50 बजे रवाना होकर 13 .00 बजे जयपुर पहुंचेगी व जयपुर से 14 .50 बजे चलकर 22 .25 बजे हिसार पहुंचेगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

रेलवे की ओर से खाटू श्याम जी में श्रद्धालुओं व यात्रियों की सुविधा के लिए हिसार- जयपुर- हिसार अनारक्षित स्पेशल रेलसेवा (04 ट्रिप) का संचालन किया जाएगा। यह रेलसेवा 25 से 28 फरवरी के बीच रहेगी।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाड़ी संख्या 04721, हिसार-जयपुर अनारक्षित स्पेशल रेलसेवा 25 फरवरी से 28 फरवरी तक (04 ट्रिप) हिसार से 05.50 बजे रवाना होकर 13.00 बजे जयपुर पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04722, जयपुर-हिसार अनारक्षित स्पेशल रेलसेवा 25 फरवरी से 28 फरवरी तक (04 ट्रिप) जयपुर से 14.50 बजे रवाना होकर 22.25 बजे हिसार पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में सिवानी, सादुलपुर, रामपुरा बेरी, लोहारू, सूरजगढ, चिडावा, रतनशहर, झुंझुनूं, डूंडलोद, मुकुंदगढ़, नवलगढ, सीकर, पलसाना, रींगस, गोविन्दगढ़, मलिकपुर, चौमू सामोद व ढेहर का बालाजी स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 10 साधारण श्रेणी एवं गार्ड श्रेणी के 2 डिब्बे सहित कुल 12 डिब्बे होंगे।

## चपरासी के 20 पद योग्यता 8वीं स्नातकोत्तर भी कतार में



**हिसार।** डिस्ट्रिक्ट और सेशंस कोर्ट में चपरासी लगने के लिए बेरोजगार युवाओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। एडहॉक बेस के इन 20 पदों पर भर्ती के लिए कुल 6630 उम्मीदवारों ने आवेदन किया था, जिससे प्रतियोगिता बेहद कड़ी हो गई है। खास बात यह है कि इस नौकरी के लिए न्यूनतम योग्यता केवल 8वीं पास रखी गई है, जबकि पोस्टग्रेजुएट युवा भी इंटरव्यू की लाइन में खड़े नजर आ रहे हैं। यह स्थिति क्षेत्र में बढ़ती बेरोजगारी की तस्वीर भी दिखाती है। आवेदन की अंतिम तिथि 11 फरवरी 2026 थी, जबकि इंटरव्यू प्रक्रिया आज से शुरू होकर 21 फरवरी तक चलेगी। डिस्ट्रिक्ट और सेशंस जज, हिसार के कार्यालय की ओर से 28 जनवरी को जारी अधिसूचना के आधार पर यह नियुक्त छह महीने के लिए या नियमित भर्ती होने तक, जो भी पहले हो, के आधार पर की जाएगी। कम पद और भारी भीड़ ने इस भर्ती को चर्चा का विषय बना दिया है।

- 6630 आवेदक, इंटरव्यू शुरू
- 21 फरवरी तक चलेगी प्रक्रिया
- नियुक्ति छह माह के लिए

## स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0: मंडलस्तरीय प्रशिक्षण शिविर में सीखे गुर

# स्वच्छता सर्वेक्षण में अच्छी रैंकिंग के लिए प्रयास शुरू

हिसार, फतेहाबाद, सिरसा, जींद और हांसी के स्थानीय निकायों के अफसर हुए शामिल



हिसार। प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित मेयर प्रवीण पोपली, निगमायुक्त नीरज व अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

स्वच्छता सर्वेक्षण में अच्छी रैंकिंग पाने के लिए हिसार मंडल की यूएलबी ने कवायद तेज कर दी है। मंगलवार को नगर निगम हिसार के तत्वावधान में स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर मंडल स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में हिसार मंडल के अंतर्गत आने वाले पांच जिलों हिसार, सिरसा, फतेहाबाद, जींद तथा हांसी की शहरी स्थानीय निकायों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। शिविर का उद्देश्य स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों को सुदृढ़ करना तथा मिशन से संबंधित विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी देना रहा। शिविर में उपस्थित अधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि सामूहिक प्रयासों से सभी नगर निकाय स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन करेंगे और स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुंदर शहरों के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

**सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पर विशेष फोकस जरूरी**

सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया गया कि कचरे का स्रोत पर पृथक्करण, घर-घर संग्रहण, परिवहन और निस्तारण अत्यंत आवश्यक है। कम्पोस्टिंग, रीसाइक्लिंग, ट्रांसफर स्टेशन और वैज्ञानिक लैंडफिल जैसी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करना स्वच्छता सर्वेक्षण में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए जरूरी है। जल निकायों के संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। तालाबों, झीलों और अन्य वॉटर बॉडी से अतिक्रमण हटाने, सफाई करने, सौन्दर्यकरण जैसे कार्यों पर बल दिया गया।

### स्वच्छता सर्वेक्षण के विभिन्न मापदंडों पर चर्चा

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मेयर प्रवीण पोपली तथा निगमायुक्त नीरज ने शिरक्त की। यूएलबी मुख्यालय से स्वच्छ भारत मिशन के निदेशक शाश्वत सांगवान भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने मिशन शहरी 2.0 के उद्देश्यों, कार्ययोजना, फंडिंग पैटर्न और मॉनिटरिंग पर विस्तार से प्रकाश डाला। उनके साथ मुख्यालय से आए प्रशिक्षक राजेश मलिक, सुमति भास्कर और अंकुश ने स्वच्छता सर्वेक्षण के विभिन्न मापदंडों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

### स्वच्छता के क्षेत्र में सरकार निरंतर प्रयासरत: मेयर

मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि स्वच्छता के क्षेत्र में केंद्र और प्रदेश सरकार निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर की गई थी, जिसे प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, नियमित रोड स्वीपिंग, सार्वजनिक शौचालयों की व्यवस्था तथा कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण जैसे कार्यों में हर स्तर पर सुधार किया जा रहा है।

### प्रत्येक जानकारी को गंभीरता से लें : निगमायुक्त

निगमायुक्त नीरज ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रशिक्षण में दी गई प्रत्येक जानकारी को गंभीरता से लें और अपने-अपने नगर निकायों में लागू करें, ताकि सभी यूएलबी अच्छे अंक प्राप्त कर सकें।

**हिसार नगर निगम की पहल**

निगमायुक्त ने कहा कि हिसार निगम ने सार्वजनिक शौचालय एवं यूरिनल के रखरखाव का कार्य संस्थाओं, मार्केट एसोसिएशन, आरडब्ल्यूए और धार्मिक संगठनों को सौंपा है। इसके तहत प्रति शौचालय सीट 100 रुपये और प्रति यूरिनल पॉट 50 रुपये प्रतिदिन की दर से भुगतान हो रहा है। किसी टॉयलेट कॉम्प्लेक्स के लिए अधिकतम 15,000 रुपये प्रतिमाह तक की राशि प्रदान की जा सकती है।

## रावलवास कलां के सुरेश हत्याकांड में 3 को उम्रकैद

- 1.11 लाख रुपये जुर्माना भी लगाया।
- 28 अप्रैल 2021 को हुई थी हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पांच साल पहले गांव रावलवास कलां के युवक सुरेश कुमार की हत्या के मामले में अदालत ने दोषी सरजीत, सत्येन्द्र और सतबीर को उम्रकैद की सजा सुनाई। इसके अलावा दोषियों पर 1.11 लाख रुपये का अलग-अलग जुर्माना भी लगाया है। बता दें कि उक्त तीनों को 10 फरवरी को दोषी करार दिया गया था।

अदालत में चले अभियोग के अनुसार सदर थाना पुलिस ने 28 अप्रैल 2021 को मर्डर का केस दर्ज किया था। गांव रावलवास कलां निवासी सुरेश कुमार और उसके ताऊ सतबीर के बीच खेत में नहरी पानी लगाने को लेकर विवाद हो गया था। विवाद में सतबीर व अन्य ने घर से जेली निकालकर सुरेश की छाती में मारी थी। जिससे सुरेश घायल हो गया था। बाद में घायल सुरेश को परिजन नागरिक अस्पताल में लेकर आए, जहां डॉक्टरों ने चैकअप कर उसे मृत घोषित कर दिया था। इस मामले में पुलिस ने मृतक के परिजनों के बयान के आधार पर सतबीर, सत्येन्द्र व सरजीत के खिलाफ हत्या और विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। अदालत ने पिछले मंगलवार को उक्त तीन को दोषी करार करते हुए आज उम्रकैद तथा प्रत्येक को 1.11 लाख रुपये की जुर्माने की सजा सुनाई।

### लूट के चार आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** लूट व आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत स्पेशल स्टाफ प्रभारी इंस्पेक्टर पवन ने कार्रवाई करते हुए पिस्तोल के बल पर लूट करने वाले चार आरोपियों को बडाला गांव से गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान गांव मसूदपुर निवासी अंकित उर्फ काला, बडाला निवासी राहुल, थुराना निवासी अश्वनी उर्फ सनी तथा बवानी खेड़ा निवासी रोहित के रूप में हुई है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने में लगी है। गौरतलब कि 16 फरवरी की शाम 3 बजे खेदड़ गांव के नजदीक बिजली निगम के एक कर्मचारी से एक लाख रुपये लूटने की वारदात हुई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार वह एक लाख रुपये लेकर बाइक से अपने घर जा रहा था। इसी दौरान पहले से घात लगाए काली स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार चार अज्ञात युवकों ने उसका पीछा करते हुए रास्ता रोक लिया तथा डम्मी पिस्तोल दिखाकर उससे एक लाख रुपये लूटे। इस बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे।

## राजथल का हेरोइन सप्लायर राकेश उर्फ केडी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

सीआईए स्टाफ नारनौंद ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक हेरोइन सप्लायर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गांव राजथल निवासी राकेश उर्फ केडी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है ताकि नशा तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों का खुलासा किया जा सके। जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि 21 दिसंबर 2025 को पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गांव राजथल निवासी भूपेंद्र अवैध रूप से हेरोइन बेचने का काम करता है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तुरंत रेड की और आरोपी को मौके पर ही हेरोइन सहित गिरफ्तार कर लिया था। इस संबंध में नारनौंद थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले की गहन जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी को हेरोइन सप्लाई करने में गांव राजथल निवासी राकेश उर्फ केडी की अहम भूमिका रही है। पुलिस ने आरोपी राकेश को हिसार जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर गिरफ्तार किया। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### निगम ने बाजारों और मुख्य मार्गों से हटवाया अतिक्रमण

**हिसार।** शहर को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए नगर निगम की टीम ने मंगलवार को अभियान चलाया। शुरुआत लक्ष्मीबाई चौक से कचहरी रोड व लाजपत राय मार्केट रोड तक अतिक्रमण हटाकर की। इसके बाद डाबड़ा चौक पुल के नीचे से दोनों और से अतिक्रमण हटवाया गया। इसके बाद रेलवे स्टेशन रोड, राजगुरु मार्केट, परिजात चौक, बरवाला चुंगी पुल के नीचे से और ऑटो मार्केट से अतिक्रमण हटवाया गया। इसके बाद टीम ने पड़ाव चौक से लाहौरिया चौक व नई सब्जी मण्डी तक अतिक्रमण हटवाया गया। इसके साथ ही टीम ने वाल्मीकि चौक पुल तेलियान के पास व राजगुरु मार्केट से दुकानदारों का सामान जब्त किया।

### बरवाला बार एसो. के चुनाव 25 को, प्रत्याशी फाइनल

**बरवाला।** बरवाला बार एसोसिएशन के 25 फरवरी को होने वाले चुनाव के लिए सभी पदों के प्रत्याशी फाइनल हो गए है। इसी प्रक्रिया में चुनाव अधिकारी एडवोकेट विपिन कथूरिया व सहचुनाव अधिकारी कुलबीर बूरा द्वारा सभी पांच पदों के लिए नामांकन पत्रों की छंटनी करके फाइनल प्रत्याशी घोषित कर दिए गए है। मंगलवार को प्रधान पद के लिए एडवोकेट राजेश श्योकंद एडवोकेट व एडवोकेट संदीप कुमार राड और उपप्रधान पद के लिए एडवोकेट पूजा ढाका व एडवोकेट बिनु रानी जांगड़ा तथा सचिव पद के लिए एडवोकेट कुलदीप सिंह पवार व एडवोकेट कर्मवीर कुंडू को फाइनल किया गया है। इसके अलावा सहसचिव पद के लिए एडवोकेट रमन वर्मा व एडवोकेट दिनेश कुमार पुनिया और कोषाध्यक्ष पद के लिए एडवोकेट लव शर्मा व एडवोकेट दीपक मशीह को चुनाव लड़ने के लिए फाइनल किया गया हैं। चुनाव अधिकारी के अनुसार आज किसी भी प्रत्याशी ने अपना नाम वापिस नहीं लिया है। जिन उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। वही सारे प्रत्याशी आज चुनावी मैदान में है।

## एयरपोर्ट के साथ नए मार्ग पर मंथन

- डीसी ने अधिकारियों को समयबद्ध कार्ययोजना तैयार कर अगली बैठक में प्रगति रिपोर्ट देने के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

तलवंडी राणा से हिसार तक एयरपोर्ट के साथ से नया सड़क मार्ग बनाने के प्रस्ताव को लेकर मंगलवार को उपायुक्त महेंद्र पाल की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में लोक निर्माण विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान प्रस्तावित मार्ग के निर्माण के लिए भूमि की उपलब्धता, तकनीकी संभावनाओं और प्रशासनिक प्रक्रिया को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि यह मार्ग क्षेत्र के विकास, यातायात सुविधा और भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि भूमि से जुड़े सभी पहलुओं का समुचित आकलन कर सभी संभावनाओं पर गंभीरता से कार्य किया जाए। उपायुक्त ने कहा कि इस परियोजना से न केवल बरवाला-तलवंडी राणा और हिसार के बीच संपर्क सुदृढ़ होगा, बल्कि एयरपोर्ट क्षेत्र के आसपास विकास को भी गति मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों को समयबद्ध कार्ययोजना तैयार कर अगली बैठक में प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। बैठक में बरवाला एसडीएम डॉ वेदप्रकाश बेनीवाल, नारनौंद एसडीएम विकास यादव, नगराधीश हरिराम समेत संबंधित विभागों के अधिकारी थे।

## सुविधा पुलिस प्रशिक्षण के लिए खरीदे नए आधुनिक संसाधन, फिटनेस व हथियार

# अत्याधुनिक हथियारों से सुसज्जित होगी हांसी पुलिस

- हांसी पुलिस होगी अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी



हांसी। अत्याधुनिक हथियारों के बारे में पुलिस जवानों को प्रशिक्षित करते ट्रैनर।

हांसी पुलिस को आधुनिक एवं सक्षम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इसके लिए मंगलवार को पुलिस लाइन में तैनात पुलिस जवानों के प्रशिक्षण, शारीरिक फिटनेस तथा दक्षता को बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के आधुनिक उपकरण खरीदे गए हैं। इन उपकरणों में कैंप स्टूल, व्हाइट बोर्ड, योगा मैट सहित अन्य प्रशिक्षण संबंधी सामग्री शामिल है, जिनका उपयोग जवानों के नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में किया जा रहा है। पुलिस लाइन में आयोजित प्रशिक्षण सत्र के दौरान जवानों द्वारा योगा मैट पर योगाभ्यास किया गया तथा प्रशिक्षित योगा शिक्षक द्वारा सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न योग क्रियाएं करवाई गईं। इसके साथ ही नए खरीदे गए आधुनिक उपकरणों का उपयोग करते हुए प्रशिक्षकों द्वारा पुलिस जवानों को हथियार संचालन का भी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में एके-47, इंसास राइफल, पिस्तौल व कार्बाइन जैसे हथियारों के सुरक्षित उपयोग की बारीकियां सिखाई गईं। पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने बताया कि वर्तमान समय में अपराध की प्रकृति लगातार बदल रही है, इसलिए पुलिस को भी आधुनिक संसाधनों एवं तकनीकों से लैस करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आधुनिक उपकरणों के उपयोग से पुलिस कार्यप्रणाली में दक्षता आएगी तथा जवानों की क्षमता और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार आधुनिक उपकरणों की खरीद जारी रखी जाएगी, जिससे हांसी पुलिस को पूर्ण रूप से हाईटेक एवं आधुनिक बनाया जा सके।

## चाइनीज मांझे की बिक्री भंडारण व उपयोग पर प्रतिबंध




- चाइनीज मांझे को लेकर पुलिस अधीक्षक ने जारी की एडवाइजरी

**हांसी।** पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन द्वारा चाइनीज मांझा के उपयोग एवं बिक्री को लेकर जनहित में विस्तृत एडवाइजरी जारी की गई। उन्होंने बताया कि चाइनीज मांझा नायलॉन व अन्य सिंथेटिक धागों से बनाया जाता है, जिस पर कांच का पाउडर व खतरनाक धातु के कण चढ़ाए जाते हैं, जिससे यह अत्यंत धारदार एवं खतरनाक हो जाता है। इसके प्रयोग से दोपहिया वाहन चालकों, राहगीरों, बच्चों तथा पक्षियों को गंभीर चोट लगने की घटनाएं सामने आती रहती हैं, वहीं कई मामलों में जानलेवा दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि चाइनीज मांझा की बिक्री, भंडारण एवं उपयोग पर प्रतिबंध है तथा ऐसा करने वालों के विरुद्ध संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने से कहा कि चाइनीज मांझा का प्रयोग, खरीद-फरोख्त या भंडारण बिल्कुल न करें। अपने बच्चों एवं युवाओं को इसके खतरों के बारे में जागरूक करें। उन्होंने कहा कि पतंग उड़ाने के लिए केवल सूती धागे (साधारण मांझा) का ही उपयोग करें। इसके साथ पतंग उड़ाते समय खुले मैदानों का चयन करें तथा सड़कों, बिजली लाइनों, छतों के किनारों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों से दूर रहें। उन्होंने कहा कि यदि कहीं चाइनीज मांझा की बिक्री या उपयोग की सूचना मिले तो तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचित करें।

### टास्क पूरा करने के नाम पर ठगी करने का आरोपी काबू

**हांसी।** साइबर थाना पुलिस ने टास्क पूरा करने के नाम पर ठगी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान श्रीगंगानगर निवासी अरविंद के रूप में हुई है जांच अधिकारी एएसआई सज्जन कुमार ने बताया कि सैनीपुरा निवासी बलिन्द्र ने साइबर थाना में शिकायत दी कि टेलीग्राम एप पर टास्क पूरा करने पर इन्वेस्टमेंट का लालच देकर एक व्यक्ति ने उससे 79 हजार रुपये ठग लिए। पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज कर आरोपी को धर लिया। उसके कब्जे से ठगे गए 79 हजार रुपये में से 20 हजार रुपये बरामद किए गए हैं। इस मामले में पुलिस सादुलशहर के भरत को गिरफ्तार कर चुकी है।



# ऑस्कर विनर एक्टर के लिए अनुपम ने लिखा भावुक पोस्ट

**मुंबई।** हॉलीवुड के मशहूर एक्टर, फिल्म प्रोड्यूसर और ऑस्कर विनर रॉबर्ट डुवैल का 95 साल की उम्र में निधन हो गया। रॉबर्ट डुवैल ने 'द गॉडफादर' जैसी कल्ट फिल्म में अपनी दमदार एक्टिंग से दुनिया भर में पॉपुलैरिटी बटोरी थी। एक्टर अनुपम खेर ने रॉबर्ट डुवैल के निधन पर दुख जताया। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर रॉबर्ट डुवैल की तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा, 'रॉबर्ट डुवैल ऐसे एक्टर थे, जिन्हें ध्यान खींचने के लिए कभी शोर की जरूरत नहीं पड़ी। शांत, सटीक और बहुत सच्चे... वह हर रोल में जबरदस्त गहराई लेकर आए और पर्दे पर कमाल की छाप छोड़ी।

लाइफ Style



# मोना स्टार को बीमा पॉलिसी समझते हैं मेकर्स

एजेंसी ▸▸ मुंबई

टीवी की जस्सी के नाम से मशहूर अभिनेत्री मोना सिंह अब इंडस्ट्री की सबसे बिजी अभिनेत्रियों में से एक हैं। वो फिल्मों के साथ-साथ वेब सीरीज में भी लगातार काम कर रही हैं। हाल ही में मोना सिंह नेटफ्लिक्स की सीरीज कोहरा के दूसरे सीजन में नजर आई हैं।

लगातार फिल्मों और सीरीज में अहम भूमिकाएं निभाने के बावजूद मोना सिंह का कहना है कि प्रोड्यूसर्स उनके नाम पर 100 करोड़ रुपए के बजट की फिल्म बनाने का जोखिम नहीं उठाना चाहते। मोना सिंह ने अपने कॅरियर के उस मुकाम पर होने की बात की, जहां वह आसानी से प्रोजेक्ट्स को ठुकरा नहीं सकतीं। अभिनेत्री ने कहा कि यह मेरे द्वारा लिए गए फैसलों की वजह से ही है कि मैं यहां हूं। मैंने प्रासंगिक बने रहने और अपने सिद्धांतों पर कायम रहने की कोशिश की है। इसलिए मैंने कई प्रोजेक्ट्स को मना किया है। हालांकि, मना करना कभी आसान नहीं होता। मुझे लगता है कि जीवन में मुझे पता है कि मैं क्या नहीं चाहती। यह स्पष्टता अब मेरे भीतर है।अभिनेत्री ने आगे कहा कि निर्माता सितारों को एक बीमा पॉलिसी की तरह देखते हैं, ताकि उन्हें अपना पैसा वापस मिल सके। पोस्टर पर एक स्टार बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की गारंटी देता है। फिल्म निर्माण आखिरकार एक व्यवसाय है। आप जानते हैं कि आप निवेश कर रहे हैं और आपको उससे कहीं अधिक पैसा वापस मिलने की उम्मीद है। दूसरी ओर किरदार सिर्फ सर्विस प्रोवाइडर बनकर रह जाते हैं। यही सच्चाई है। अगर आप मेरी मुख्य भूमिका वाली 100 करोड़ रुपए की फिल्म की बात कर रहे हैं, तो मुझे ऐसा होता हुआ नहीं दिख रहा है।

## हॉलीवुड मसाला




# डैनी के साथ शेयर की तस्वीरें

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता ड्वेन जॉनसन ने फिल्म 'जुमांजी 3' की शूटिंग को लेकर अहम जानकारी सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं। फैंस के बीच 'द रॉक' के नाम से मशहूर ड्वेन ने फिल्म के सेट से कुछ खास तस्वीरें शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। 17 फरवरी को ड्वेन जॉनसन ने इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट शेयर कर बताया कि फिल्म 'जुमांजी 3' के लिए उनके सह-कलाकार डैनी डेविटो की शूटिंग पूरी हो गई है। उन्होंने डैनी और केविन हार्ट के साथ कुछ तस्वीरें शेयर कीं।



# स्पाई-थ्रिलर सीरीज तेहरान से मिली थी पहचान...

**लॉस एंजिल्स।** इस्राइली प्रोड्यूसर डाना ईडन का 52 साल की उम्र में निधन हो गया है। डाना एक होटल में मृत अवस्था में पाई गईं। वो एमी पुरस्कार विजेता जासूसी थ्रिलर 'तेहरान' की सह-निर्माता थीं। इस्राइल के पब्लिक ब्रॉडकास्टर 'कान' ने डाना ईडन के निधन की जानकारी दी है। इसके मुताबिक, वो ग्रीस में 'तेहरान' के चौथे सीजन की शूटिंग कर रही थीं। डाना ईडन को इस्राइल की सबसे सफल और प्रभावशाली टेलीविजन प्रोड्यूसर्स में गिना जाता था। वह हिट सीरीज 'तेहरान' की सह-निर्माता और क्रिएटर थीं। उन्होंने अपने करियर में कई चर्चित टीवी प्रोजेक्ट्स पर काम किया। जिनमें 'सेविंग्स द वाइल्डलाइफ', 'शी हैज इट', 'मैगपाई' और 'शाकशौका' जैसे शोज के जरिए उन्होंने अपनी पहचान बनाई। डाना ईडन ने अपने प्रोफेशनल पार्टनरशिप प्रोड्यूसर शूला स्पीगल के साथ मिलकर डोना और शुला प्रोडक्शंस की स्थापना की थी।



# आगे खिसकी गबरू की रिलीज डेट...

**मुंबई।** सनी देओल अभिनीत फिल्म 'बॉर्डर 2' बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त तरीके से सफल हुई है। इस बीच वे अपने आगामी प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा में हैं, जिनमें फिल्म 'गबरू' का भी नाम है। पहले यह फिल्म मार्च में रिलीज होने वाली थी। मगर, अब दर्शकों को इसके लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। रिलीज डेट में बदलाव किया गया है। शशांक उदयपुरकर निर्देशित यह फिल्म पहले 13 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। मगर, अब इसमें बदलाव कर दिया गया है। यह फिल्म 8 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। हाल ही में सनी देओल ने 'गबरू' को अपने दिल के सबसे करीब फिल्मों में से एक बताया। रणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' और यश की 'टॉक्सिक' 19 मार्च को रिलीज हो रही हैं। फिल्म 'गबरू' को विशाल राणा और ओम छंगानी के प्रोड्यूस किया है।



# तुम्बाड 2 के लिए विलेन की तलाश जारी

**मुंबई।** साल 2018 में रिलीज हुई सोहम शाह की हॉरर फिल्म तुम्बाड थिएटर के बाद डिजिटल पर जबरदस्त रिएक्शन मिला था। फिल्म की कहानी, एक्टिंग ने ऑडियंस और गहरी छाप छोड़ी थी। अब सोहम शाह इस तुम्बाड 2 बना रहे हैं। फिल्म पर काम इस साल की शुरुआत में शुरू हो गया है। अब विलेन के सिलेक्शन पर काम चल रहा है। ताजा रिपोर्ट की मानें तो तुम्बाड 2 के लिए धुरंधर के रहमान डकैत अक्षय खन्ना और नवाजुद्दीन सिद्दीकी का नाम सामने आ रहा है। दोनों में से कोई एक हॉरर फिल्म का विलेन बन सकता है। इस फिल्म से जुड़े सूत्र ने एक पोर्टल को जानकारी देते हुए बताया है कि तुम्बाड 2 में एक पावरफुल विलेन का किरदार अहम है। फिल्म की कहानी इसी किरदार के इर्द गिर्द रची गई है। इस विलेन का किरदार इंटेस और कई परतों से बना हुआ है।

## टीवी मसाला




# फिल्म की शूटिंग खत्म करते ही शादी के बंधन में बंधेंगी...

**नई दिल्ली।** कृतिका कामरा और गौरव कपूर इस मार्च शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। शादी से पहले दोनों अपने-अपने प्रोफेशनल कमिटमेंट्स को पूरा करने में व्यस्त हैं, ताकि जश्न के दौरान वे पूरी तरह फ्री रह सकें। कृतिका अपनी नई फिल्म की शूटिंग खत्म करने में जुटी हैं, जबकि गौरव एक बड़े स्पोर्ट्स टीवी और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की जानी-मानी जोड़ी कृतिका कामरा और गौरव कपूर अपने जीवन के सबसे खास पड़ाव की ओर बढ़ रहे हैं। दोनों इस मार्च शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं और जैसे-जैसे तारीख नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे उनकी जिंदगी में उत्साह बढ़ते नजर आ रहे हैं। शादी से पहले दोनों अपने-अपने प्रोफेशनल कमिटमेंट्स को पूरा करने में पूरी तरह जुटे हुए हैं, ताकि जब जश्न का समय आए तो वे बिना किसी चिंता के हर पल को जी सकें। कृतिका इन दिनों एक इंडिपेंडेंट फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। यह प्रोजेक्ट लगातार चलने वाले शेड्यूल में शूट हो रहा है और उम्मीद है कि मार्च के पहले सप्ताह तक इसका काम पूरा हो जाएगा। लंबे शूटिंग घंटों के बावजूद कृतिका शादी की तैयारियों पर भी उतना ही ध्यान दे रही हैं। उनके करीबी बताते हैं कि वह चाहती हैं कि शादी के समय उनका कैलेंडर पूरी तरह खाली हो, ताकि वह इस नए सफर की शुरुआत पूरे सुकून और खुशी के साथ कर सकें। वहीं, गौरव कपूर भी अपने काम में व्यस्त हैं। वह इन दिनों एक बड़े स्पोर्ट्स इवेंट की मेजबानी कर रहे हैं और लगातार शूट व लाइव शेड्यूल में व्यस्त हैं।

## अवनीत कौर का मिस्ट्री मैन कौन

**नई दिल्ली।** अवनीत कौर ने इस वैलंटाइंस डे पर एक ऐसी तस्वीर शेयर की जिसके बाद से उनके मिस्ट्री मैन को लेकर चर्चा शुरू हो गई है।



हालांकि, अवनीत ने वो पोस्ट डिलीट तो कर दिया लेकिन अब वो सवालों के घेरे में फंस गई हैं। पहले तो उन्होंने वैलंटाइंस डे पर सरेआम प्यार का इजहार किया और फिर अपनी वो पोस्ट डिलीट कर डाली। बताया जा रहा है कि ये मिस्ट्री मैन कोई और नहीं, बल्कि राघव शर्मा हैं। हालांकि, भले अवनीत ने वो फोटो डिलीट कर दी लेकिन अब चर्चा है कि क्या एक्ट्रेस राघव शर्मा को डेट कर रही हैं? बताया जा रहा है कि राघव देसी म्यूजिक फैक्ट्री के को-फाउंडर हैं, जो साल 2022 से अवनीत के साथ अपने रिलेशनशिप को लेकर खबरों में हैं। एक्ट्रेस ने पहले तो पोस्ट किया लेकिन इसे लेकर शुरू होते बवाल को देखते हुए उन्होंने ये सबूत मिटाने की कोशिश की। हालांकि, तब तक ये झलक चारों तरफ फैल चुकी थी। उस तस्वीर में अवनीत डाइनिंग टेबल के दूसरी तरफ बैठे एक शख्स का हाथ पकड़े नजर आ रही थीं और जैसे ही उन्होंने ये पोस्ट किया लोगों ने स्क्रीनशॉट रख लिए थे।

# अभिषेक अब शाहरुख की किंग में आएंगे नजर...

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन ने अपने नए लुक को लेकर बात की और बताया है कि ये शाहरुख खान की अपकमिंग फिल्म 'किंग' का हिस्सा है। अब एक्टर के इस नए लुक पर लोग जमकर कॉमेंट करते दिख रहे हैं। अभिषेक बच्चन ने शाहरुख की फिल्म का हिस्सा बनने की बात खुद कही है। पिछले दिनों एक इंटरव्यू मं अपने बदले हुए लुक पर बातें करते हुए अभिषेक बच्चन ये ये बातें बताई हैं। अब फिल्म 'किंग' में उनकी भूमिका को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड दिख रहे हैं। इसके अलावा लोगों ने उनके इस लुक की तारीफ भी की है। सुपरस्टार शाहरुख खान अपनी अगली मी फिल्म 'किंग' के साथ एक बार फिर बड़े पर्दे पर अपना जादू बिखेरने के लिए तैयार हैं। 'जवान' के बाद आ रही शाहरुख की इस फिल्म में कई बॉलीवुड सितारे दिखेंगे, जिसे लेकर अब अभिषेक बच्चन ने भी कन्फर्म कर दिया है। अभिषेक बच्चन ने 'किंग' में अपनी भूमिका पर भी बात की। उन्होंने हाल में आयोजित 'ग्लोबल बिजनेस समिट 2026' के एक सेशन के दौरान अपने नए हेयरस्टाइल को लेकर बातें की। जब उनसे उनके नए लुक के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'मुझे इस बात की खुशी है कि आपने मेरे बदले हुए लुक पर ध्यान दिया। जी हां, मैं फिलहाल अपनी नई फिल्म किंग की शूटिंग कर रहा हूं।' हालांकि उनसे ये भी पूछा गया कि क्या वो इस फिल्म के बारे में और बातें करना पसंद करेंगे? इसपर एक्टर ने ना में जवाब दिया और फिल्म के बारे में और कुछ कहने से साफ इनकार कर दिया।



# अधूरी मोहब्बत की ताकत : सैड एंडिंग वाली फिल्में होती हैं सुपरहिट

**नई दिल्ली।** आज तक हम इस दुख में हैं कि गजनीमें कल्पना को अंत तक नहीं पता चल पाया कि सचिन ही संजय सिंहानिया है। हमें आज भी अफसोस होता है कि आमिर खान क्यों सही वक्त पर पहुंचकर आसिन को नहीं बचा पाए। तेरे नाम में जब राधे पागलखाने पहुंच जाता है और निर्जरा जहर पी लेती है, तो हम अंदर तक दुखी हो जाते हैं। रांझणा में कुंदन का जोया के लिए आखिरी मोनोलॉग आज भी तीर की तरह हमें चुभता है। सनम तेरी कसम में सरस्वती को मरते देख हम सब आंसू बहाते हैं। कल हो ना हो में शाहरुख खान का किरदार अमन माथुर चल बसता है, लेकिन हम आज भी उस फिल्म को याद करते हैं। सदमा में जब ट्रेन से श्रीदेवी चली जाती हैं तो पीछे कमल हासन का छूटना हमें आज भी सताता है। हम दिल दे चुके सनम में सलमान खान के किरदार को तड़पते देख




हम भी दर्द महसूस करते थे, मगर ये सारी फिल्में सुपरहिट रहीं। एक विलेन, आशिकी 2, लैला मजनूं, मोहब्बतें जैसी तमाम फिल्में हैं, जिनमें हीरो या हीरोइन या दोनों की मौत हो जाती है, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर ये फिल्में शानदार प्रदर्शन करती हैं।

***लेकिन सवाल है:*** जब इन फिल्मों को देखकर हम अंदर तक दुखी हो जाते हैं, फिर भी ये सैड एंडिंग वाली फिल्में सुपरहिट क्यों होती हैं? चलिए समझने की कोशिश करते हैं।

क्यों सुरक्षित रिश्ते लगते हैं बोरिंग, 'रजनीगंधा'ने 52 साल पहले समझा दिया था । इश्क दर्द और सिनेमा

***अधूरी मोहब्बत का आकर्षण :*** जब कोई प्यार पूरी तरह से पूरा नहीं होता या हमें हासिल नहीं हो पाता, तो हमारा दिमाग उसे खास मानने लगता है। साइक्लॉजी में इसे 'अप्राप्य वस्तुओं का आदर्शवाद' कहा जाता है। मतलब, जो चीज मुश्किल या नामुमकिन लगती है, हमारा दिमाग उसे ज्यादा परफेक्ट और रोमांटिक मानता है। इसलिए देवदास, रांझणा, सनम तेरी कसम जैसी अधूरी मोहब्बत की कहानी हमें ज्यादा याद रहती है और दिल को छू जाती है। हमारा अचेतन इसे आइडियल मानता है।

जैसा हरिवंश राय बच्चन ने मधुशाला में लिखा- 'प्यार नहीं पा जाने में है, पाने के अरमानों में! पा जाता तब, हाय, न इतनी प्यारी लगती मधुशाला।' यानी, हासिल करने में प्यार उतना खास नहीं लगता जितना उसे पाने की तड़प में।

## एक के लिए तो गिनीज बुक में दर्ज हो चुका है नाम

# सिर्फ भारतीय फिल्मों में होती हैं ये 7 अजीब चीजें

*__नई दिल्ली।__ बात जब फिल्मों की आती है तो हम अक्सर बातें करते हैं कि बॉलीवुड वाले हॉलीवुड के टक्कर की फिल्में नहीं बना पाते हैं। कभी वीएफक्स तो कभी कोरियन सिनेमा जैसी सादगी हमारी फिल्मों में मिसिंग रहने की बात उठती है। लेकिन, क्या आपको पता है कि भारत साल भर में इतनी फिल्में रिलीज करता है जितनी दुनिया भर में और कहीं नहीं होती हैं। इतना ही नहीं और भी कई ऐसी बातें हैं जो भारतीय सिनेमा को बाकी फिल्म इंडस्ट्रीज से अलग बनाती हैं। तो चलिए जानते हैं भारतीय सिनेमा के बारे में 7 रोचक तथ्य।*

### फिल्मों की फैक्ट्री है अपना इंडिया

***दुनिया*** को लगता है कि हॉलीवुड सबसे बड़ा है, लेकिन सच यह है कि भारत दुनिया में सबसे ज्यादा फिल्में बनाने वाला देश है। जहां हॉलीवुड साल भर में लगभग 700-800 फिल्में बनाता है, वहीं भारत हर साल 1,500 से 2,000 के बीच फिल्में रिलीज करता है।

### बिना गानों की फिल्म का पिटना तय

***हॉलीवुड*** या यूरोपियन सिनेमा में फिल्में बिना गानों के होना सामान्य बात है, वहां 'म्यूजिकल' एक अलग जॉनर होता है। लेकिन, भारत में उल्टा है। यहां बिना गानों की फिल्म बनाना एक बहुत बड़ा जोखिम माना जाता है। भारतीय फिल्मों में औसतन 5-6 गाने होते हैं, जो फिल्म की मार्केटिंग और कमाई का आधा जरिया होते हैं।

### स्टार्स का दूध अभिषेक और मंदिर

***यह*** दुनिया के किसी और देश में नहीं होता। दक्षिण भारत में जब किसी बड़े सुपरस्टार की फिल्म रिलीज होती है, तो फैंस उनके कट-आउट्स को दूध से नहलाते हैं। इतना ही नहीं, अमिताभ बच्चन और सोनू सूद जैसे स्टार्स के तो भारत में बाकायदा मंदिर भी बने हुए हैं।

### क्यों दुनिया से उलटा चल रहा इंडिया?

दुनिया भर की सिनेमा इंडस्ट्री आज 90 मिनट से 2 घंटे की फिल्मों की ओर बढ़ रहा है, लेकिन भारतीय दर्शक आज भी 'पैसा वसूल' अनुभव के लिए कम से कम 2.5 से 3 घंटे की फिल्म की उम्मीद करते हैं। भारत में फिल्म देखने जाना मतलब पूरा दिन इसके लिए निकालना पड़ता है। क्योंकि, कई बार 3 घंटे की फिल्म और इंटरवल फिर फिल्म से पहले और बाद थोड़ा घूमना-फिरना पूरा दिन लेता है।



### सिर्फ यहां का बोर्ड लगाता है ऐसे नियम

भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में से है जहां फिल्मों में स्मोकिंग या शराब के सीन आने पर स्क्रीन के नीचे 'चेतावनी' दिखाना जरूरी है। विदेशी फिल्मों को भी भारत में रिलीज होते समय इन नियमों का पालन करना पड़ता है, जो बाहर के फिल्ममेकर्स के लिए काफी अजीब अनुभव होता है।

### दुनिया का सबसे बड़ा फिल्मी परिवार

भारतीय सिनेमा जगत में 'नेपोटिज्म' की खूब चर्चा तो होती है, लेकिन क्या आपको पता है कि इसी वजह से हमने गिनीज बुक में भी जगह पाई है। कपूर खानदान का नाम 'गिनीज वर्ल्ड बुक' में दर्ज है, क्योंकि उनकी एक ही परिवार की पांच पीढ़ियां (पृथ्वीराज कपूर से लेकर रणबीर-करीना तक) सिनेमा जगत का हिस्सा रही हैं।

### कहीं नहीं मिलती ऐसी फैन फॉलोइंग

आपको जानकर हैरानी होगी कि राज कपूर रूस में वहां के लोकल हीरोज से ज्यादा पॉपुलर थे। वहीं, रजनीकांत का जापान में इतना जबरदस्त क्रेज है कि वहां उनकी फिल्मों के खास शोज चलते हैं। मिथुन चक्रवर्ती का 'डिस्को डांसर' अवतार आज भी रूस और मिड एशिया के देशों में एक कल्ट माना जाता है।

**खबर संक्षेप**

### संजय डालमिया की माता के निधन पर जताया शोक

**हिसार।** नगर पार्षद संजय डालमिया की माता पुष्पा देवी डालमिया के निधन पर पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, श्री पंचमुखी धाम के पुजारी मोनू भाई, भाजपा नेता अशोक सैनी, कांग्रेस ग्रामीण जिला अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया, भूपेंद्र गंगवा, कृष्ण बिश्नोई, राधेश्याम सैनी, समाजसेवी रामनिवास अग्रवाल सीए ने शोक व्यक्त किया।

### जेईई मेन एलन हिसार के छात्रों का प्रदर्शन




**हिसार।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन 2026 के जनवरी सेशन का परिणाम जारी कर दिया। परिणाम में एलन हिसार के स्टूडेंट्स ने श्रेष्ठता साबित की है। एलन हिसार के सेंटर हैड विशाल कंसल ने बताया कि अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार संस्थान के रेगुलर क्लासरूम स्टूडेंट पारितोष कुमार मेहता ने 99.957 पर्सेन्टाइल हासिल की है। वहीं वादी गोयत ने 99.856 पर्सेन्टाइल स्कोर हासिल कर सेंटर पर गर्ल्स टॉपर रही है। जबकि 99 पर्सेन्टाइल एवं उससे ज्यादा स्कोर करने वाले 16 विद्यार्थी शामिल हैं। जबकि 23 विद्यार्थियों ने 98 पर्सेन्टाइल एवं इससे ज्यादा, 46 विद्यार्थियों ने 95 पर्सेन्टाइल एवं इससे ज्यादा जबकि 70 विद्यार्थी ऐसे हैं, जिन्होनें 90 पर्सेन्टाइल एवं इससे ज्यादा स्कोर हासिल किए हैं। देशभर में 12 स्टूडेंट्स को ओवरआल 100 पर्सेन्टाइलर घोषित किया गया है।

## कलश यात्रा के साथ आठ दिवसीय भागवत कथा शुरू

### श्याम बाबा के जयघोष से गूंज उठा बीड़ बबरान धाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

- कलश यात्रा में नाचते-गाते और श्याम बाबा के जयकारे लगाते हुए श्रद्धालु बीड़ बबरान धाम पहुंचे

महाभारतकालीन प्रसिद्ध बीड़ बबरान धाम में कलश यात्रा के साथ आठ दिवसीय श्रीमदभागवत कथा एवं 53वां बबरान नरेश प्रकटोत्सव शुरू हो गया। बीड़ बबरान धाम के प्रथम महंत श्यामलीन रामगोपाल शर्मा, द्वितीय महंत श्यामलीन राजेश शर्मा व तृतीय महंत श्यामलीन प्रमोद शर्मा के शुभ आशीर्वाद से बीड़ बबरान के श्री श्याम कुंड से कलश यात्रा शुरू हुई। पीले व लाल वस्त्र धारण करके एवं सिर पर कलश रखकर मातृशक्ति ने कलश यात्रा में हिस्सा लिया। इसी भांति श्याम बाबा के झंडों के साथ जयघोष करते हुए श्रद्धालु कलश यात्रा के साथ बीड़ बबरान धाम पहुंचे।

बीड़ बबरान धाम पर महंत महाराज विनोद शर्मा व निज पुजारी विनय शर्मा ने श्याम बाबा की आराधना की और कथा व्यास कुमार शैलेंद्र पाराशर जी महाराज ने विधि-विधान से श्रीमदभागवत कथा की शुरूआत की।

24 फरवरी तक चलने वाली श्रीमदभागवत कथा एवं 53वें बबरान नरेश प्रकटोत्सव के लिए पूरे बीड़ बबरान धाम को रंग-बिरंगी लड़ियों व लाइट से सजाया गया है। बीड़ बबरान धाम की आभा दूर से ही श्रद्धालुओं को आकर्षित करती है। श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा के दरबार में माथा टेककर अपने कष्टों के निवारण व मनोकामनाएं पूर्ण होने की प्रार्थना की।



**हिसार।** बीड़ बबरान धाम की कलश यात्रा में हिस्सा लेते श्रद्धालुगण।



**हिसार।** मनोकामनापूर्ण श्री श्याम मंदिर के श्री श्याम महोत्सव में उपस्थित अतिथिगण।

### धूमधाम से मनाया श्री श्याम महोत्सव

**हिसार।** श्री श्याम जनता मंडल के तत्वावधान में रंगीला 55वां वार्षिक श्री श्याम विशाल महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। हिसार के ऋषि नगर में धोबी घाट के पास स्थापित मनोकामनापूर्ण श्री श्याम मंदिर में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान श्री श्याम मंदिर की आभा देखने लायक रही। महोत्सव में गायकों ने श्याम बाबा की महिमा का गुणगान करके भावविभोर कर दिया।

श्री श्याम जनता मंडल के प्रधान सचिन गर्ग ने बताया कि 55वें श्री श्याम महोत्सव में कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा के पुत्र संजीव गंगवा, पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, बजरंग दास गर्ग, कमल पुरोहित, शकुंतला राजलीवाला, सुरेश जैन, टीनू जैन, कृष्ण ऐरन, दीपक गर्ग, डॉ. दीप्ति जैन, रामनिवास अग्रवाल सीए व डॉ. अजय गुप्ता सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर श्याम बाबा का भव्य दरबार सजाया गया और भक्तों को तेजोमयी शीश के दर्शन करने का अवसर मिला। फूलों की अमृत वर्षा व इत्र की वर्षा से सराबोर होकर भक्तगण झूमने व नाचने लगे। महोत्सव में भक्तों को श्याम रसोई के माध्यम से 56 भोग का प्रसाद भी वितरित किया किया।

## भगवान वेंकटेश की दिव्य सवारी शोभा यात्रा निकाली



**हिसार।** तिरुपति धाम में भगवान वेंकटेश की सवारी शोभा यात्रा में पूजा करते अर्चक। *फोटो : हरिभूमि*

- भगवान वेंकटेश की दिव्य सवारी शोभा यात्रा देखकर अभिभूत हो गए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

विभिन्न संस्कृतियों के पोषक श्री तिरुपति बालाजी धाम में भगवान के प्रादुर्भाव श्रवण नक्षत्र पर दिव्य सवारी शोभा यात्रा निकाली गई। इस शोभा यात्रा के दौरान भगवान वेंकटेश के दर्शन करते हुए श्रद्धालु भगवान का जयघोष करने लगे। धर्मग्रंथों के अनुसार श्रवण नक्षत्र का संबंध भगवान विष्णु से इसे विश्व की व्यवस्था और संतुलन का प्रतीक बनाता है, जो व्यक्ति को कर्म और धर्म के पथ पर चलने के लिए प्रेरित करता है। भगवान वेंकटेश भी भगवान विष्णु का प्रतिरूप हैं, इसलिए तिरुपति धाम में श्रवण नक्षत्र पर निकलने वाली सवारी का महत्व और भी बढ़ जाता है। तिरुपति धाम में पूरे विधि-विधान से भगवान वेंकटेश जी का अभिषेक किया गया और विधानस्वरूप मंत्रोच्चारण के साथ भगवान वेंकटेश जी के साथ माता लक्ष्मी जी व माता भूदेवी जी को रथ पर स्थापित पालकी में विराजमान किया गया।

सवारी शोभा यात्रा के दौरान श्रद्धालु जय श्रीमन्ननारायण, जय गोविंदा व जय भगवान वेंकटेश के जयघोष करते रहे। भक्तों ने अपने हाथों से रथ को खींचकर अपनी आस्था जताई और पूरे धाम की परिक्रमा की। शोभा यात्रा के उपरांत श्रद्धालुओं में सात्विक गोष्ठी प्रसाद का वितरण किया गया।

## आनंद स्कूल के 5 छात्रों ने की जेईई मेन्स उत्तीर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस की कक्षा 12 के छात्र करण यादव, ईशान बेरवाल एवं पारस यादव ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से जेईई मेन्स 2026 उत्तीर्ण कर विद्यालय व अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया है। विद्यालय अध्यक्ष आनंद यादव ने तीनों विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता उनके समर्पण, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी। प्राचार्य नितीश मिश्र ने कहा कि विद्यालय सदैव विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं सही दिशा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि निरंतर परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। निदेशक साहिल यादव एवं उप-प्राचार्य गीता यादव ने भी विद्यार्थियों को बधाई दी।





**हांसी।** जेईई मेन्स परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस की कक्षा 12 के छात्र इशांत बेरवाल, करण यादव और पारस।

### नन्हे-मुन्नों को की डिग्री वितरित

- आरपीएस पब्लिक स्कूल में किया ग्रेजुएशन डे का आयोजन

*हांसी। आरपीएस पब्लिक स्कूल में नर्सरी से यूकेजी कक्षाओं के नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों के लिए ग्रेजुएशन डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कैप्टन ईश्वर सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ सरस्वती वंदना से की गई, इस अवसर नन्हे मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने नृत्य, कविता पाठ और समूह गीत प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि कैप्टन ईश्वर सिंह ने बच्चों को जीवन में अनुशासन और परिश्रम का महत्व समझाया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा नन्हे विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन डिग्री प्रदान की गई। विद्यालय की प्रधानाचार्या एकता सचदेवा ने कहा कि यह केवल एक डिग्री वितरण नहीं है, बल्कि इन बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। विद्यालय संचालक डॉ संदीप देसवाल ने बच्चों को बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।*



**हांसी।** ग्रेजुएशन डे पर नन्हे मुन्नों को डिग्री प्रदान करते मुख्यातिथि कैप्टन ईश्वर सिंह व स्कूल प्राचार्या एकता सचदेवा।

## कोनार्क 26 में एक्सपोजॉन, हैकाथॉन, कैडमास्टर्स व विजनाथॉन की प्रस्तुतियां



**हिसार।** कोनार्क 26 में एक्पो डिस्पले स्टॉल को देखते प्रतिभागी विद्यार्थी।

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पंडित दीनदयाल उपाध्याय इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन सेंटर के अंतर्गत आई-कनेक्ट के सौजन्य से चैधरी रणबीर सिंह सभागार में चल रहे 'कोनार्क 26' कार्यक्रम के दूसरे दिन एक्सपोजॉन, हैकाथॉन, कैडमास्टर्स व विजनाथॉन की प्रस्तुतियां हुई। साथ ही एआई स्प्रिंट व क्राउन फॉर कोड प्रतिस्धाओं का आयोजन हुआ। इसके अतिरिक्त इनोवेटर्स व भविष्य के उद्यमियों के लिए 'बौद्धिक सम्पदा अधिकार' विषय पर एक सत्र का आयोजन किया गया। मंगलवार को चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय, सिरसा के विद्यार्थियों ने गुजवि का दौरा किया। इन विद्यार्थियों ने भी 'बौद्धिक सम्पदा अधिकार' विषय पर सत्र तथा एआई स्प्रिंट प्रतिस्पर्धा में भाग लिया। विद्यार्थियों का नेतृत्व डा. प्रीति शर्मा ने किया। विषय विशेषज्ञ माणिक मित्तल ने विद्यार्थियों को कॉपीराइट, ट्रेडमार्क, ट्रेड सीक्रेट तथा इससे संबंधित नियमों के बारे में बताया तथा अनेक केस स्टडीज के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर पीडीयूआईआईसी के निदेशक प्रो. ओम प्रकाश सांगवान, संकाय समन्वयक प्रो. पुनीत कत्याल, प्रो. विशाल गुलाटी, प्रो. पंकज खटक, डॉ. आनंद यादव, डॉ. नरेन्द्र कुमार, डॉ. तमन्ना, डॉ. सुमित सरोहा, डॉ. सोनू माथुर, डॉ. सुनील वर्मा, डॉ. शिवानी यादव आदि उपस्थित रहे।

## पूर्व छात्र संघ ने दी 45 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति



**हिसार।** गवर्नमेंट कॉलेज के पूर्व छात्र संघ द्वारा 45 होनहार एवं आर्थिक रूप से पिछड़े विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। कॉलेज के पूर्व छात्र कुलबीर दुहन ने बताया कि पूर्व छात्र संघ की बैठक संगठन के अध्यक्ष प्रोफेसर गूगन राम गोदारा की अध्यक्षता में गवर्नमेंट कॉलेज में हुई। पूर्व छात्र संघ द्वारा छात्रवृत्ति वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. विवेक सैनी को आमंत्रित किया गया। प्रिंसिपल डॉ. विवेक सैनी ने विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की। संगठन के अध्यक्ष प्रोफेसर गूगन राम गोदारा ने कहा कि यह संगठन हर वर्ष विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करता है। किसी होनहार विद्यार्थी को पैसे की कमी के कारण पढ़ाई में किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं आने दी जाएगी।

## विस में उठाएंगे रंगदारी, हत्याकांड उद्योगों के पलायन का मुद्दा : हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि भाजपा सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए कांग्रेस विधायकों पर खीज निकाल रही है। गुहला चीका के विधायक के मामले का जिक्र करते हुए हुड्डा ने कहा कि सरकार का कानून व्यवस्था पर कोई नियंत्रण नहीं है। एक विधायक ने अधिकारी को झुनझुना दिखाकर सरकार की विफलता गिनवाई तो उसके खिलाफ एफआईआर कर दी गई। विधायकों पर दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पूर्व सीएम हुड्डा मंगलवार को मिलेनियम पैलेस में आदमपुर विधायक चंद्रप्रकाश के परिवार में आयोजित शादी समारोह के दौरान पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। हुड्डा ने कहा कि हम विधानसभा के आगामी सत्र में कानून व्यवस्था पर विशेष प्रस्ताव लेकर आएंगे, जोर-शोर से मुद्दा उठाएंगे और सरकार से जवाब मांगेंगे। प्रदेश में लगातार संगठित अपराध के मामले सामने आ रहे हैं। प्रदेश में 80-90 से ज्यादा गैंग सक्रिय हैं, जो अपराध को अंजाम देकर क्लेम भी करती हैं। इन गैंग्स का सफाया होना अत्यंत जरूरी है।



**हिसार।** पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा, साथ हैं सांसद जयप्रकाश।

पूर्व सीएम हुड्डा ने अमेरिका के साथ ट्रेड डील को भी किसान विरोधी करार दिया। अगर अमेरिका से फीड आएगी और हमारे जानवरों को वहां की फीड दी जाएगी तो हमारे यहां का किसान बर्बाद हो जाएंगे। वैसे भी जिस अमेरिका ने भारत 18 परसेंट टैरिफ लगाया है, उसने बांग्लादेश पर 0 टैरिफ लगाया है। इस डील से अन्य किसानों के साथ कॉटन के किसानों पर भारी असर पड़ने वाला है। हुड्डा ने बुजुर्गों की पेंशन काटने पर बोला कि अब सरकार 70 हजार पेंशन रिस्टोर करने का दावा कर रही है।

## सूरज स्कूल का जेईई मेन्स में बेहतरीन परिणाम



**महेंद्रगढ़।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित जेईई मेन्स की परीक्षा में सूरज स्कूल के विद्यार्थियों का परिणाम बेहतरीन रहा। संस्था निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि इस परीक्षा परिणाम में सर्वाधिक रिया गुप्ता ने 99.96, आयुष धीमान ने 99.29, आदित्य ने 99.20, हर्ष गुलाटी ने 99.16, अक्षज खंडेलवाल ने 98.96 पर्सेंटाइल अंक हासिल कर विद्यालय में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में भावेश ने 98.61, आर्शिया सिंह ने 98.50, जिज्ञासु ने 98.31, चेतन्य ने 98.30, भूपेश कुमार ने 98.25, प्रियांश पाठक ने 97.98, प्रथम ने 97.90, तरूण ने 97.9, शिनू राठी ने 97.78, कुशाग्र अग्रवाल ने 97.63, सिद्धार्थ दांगी ने 97.6, लव शर्मा ने 97.51, सिद्धांत कुमार सिंह ने 96.85, अगस्त्य सिंह गंगवार ने 96.8, सोहम कुच्छल ने 96.75, नंदनी ने 96, श्रद्धानन्द कुमार ने 95.8, प्रिंस कुमार ने 95.29, पीयूष ने 95.1, मुकुल राठी ने 95.09, तन्मय ने 95, दिया फौजी ने 94.27, अबीर कुमार ने 94.24, कुणाल यादव ने 94.08, खुशी चौधरी ने 93.9, हर्षल फोसी ने 93.56, हर्ष यादव ने 93.38, लिजा ने 93.11, रितिक ने 93.04, हर्ष चौधरी ने 92.8, भावेश ने 92.76, हर्ष देव ने 92.76, तन्वी ने 92.67, आर्यन ने 91.76, हिमांशी ने 91.72, हिमांशु मीना ने 91.72, मयंक ने 91.71, रोहित ने 91.69, दीक्षा चौधरी ने 90.73, विकास ने 90.67, युवराज ने 90.63, यश कुमार ने 90.62, महक शर्मा ने 90.30, किट्टू ने 90.1, योगेश ने 90 सहित अन्य विद्यार्थियों ने नाम रोशन किया।

## जेईई मेन्स में आरपीएस के 44 विद्यार्थियों ने रचा इतिहास



**महेंद्रगढ़।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित जेईई मेन के परीक्षा परिणाम में आरपीएस ग्रुप के 44 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल व इससे अधिक अंक प्राप्त कर एक नया इतिहास रचा हैं। आरपीएस के मयंक कुमार ने 99.96 व भव्य सतिजा ने 99.95 परसेंटाईल प्राप्त कर संस्था का नाम रोशन किया है। एक बार पुनः आरपीएस ग्रुप ने साबित कर दिखाया कि जेईई-आईआईटी, नीट-मेडिकल, एनडीए-एसएसबी, क्लैट, यूपीएससी, सीए, सीयूईटी, सीएस, ओलम्पियाड एवं सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतरीन परिणाम दिए। आरपीएस ग्रुप सीईओ इंजी मनीष राव ने बताया की मयंक कुमार ने 99.96 परसेंटाइल, भव्य सतिजा ने 99.95, सुमित यादव ने 99.92, आर्यन श्योराण ने 99.89, विनित कुमार ने 99.89, उत्सव कुमार ने 99.85, नैतिक अग्रवाल ने 99.82, प्रतुष सिंह ने 99.79, आर्यन भाद्वाज ने 99.77, खुशी अग्रवाल ने 99.72, रूद्रबल ने 99.72, ईशांत ने 99.67, वैभव महता ने 99.66, प्रिया चौधरी ने 99.63, रिजुल ने 99.61, अंशु ने 99.6, तनमय यादव ने 99.59, रजत मंथीया ने 99.57, मयंक ने 99.56, झलक यादव ने 99.52, रमन लाम्बा ने 99.46, आयुष अग्रवाल ने 99.44, शौर्य शर्मा ने 99.42, काव्या ने 99.41, आयुष कुमार ने 99.39, पंकज कुमार ने 99.37, परिधी जैन ने 99.33, नमन गुप्ता ने 99.32, आदित्य ने 99.30, अंश ने 99.27, लता ने 99.26, शिवम ने 99.25, साहिल ने 99.18, हिमांशु यादव ने 99.17, युवराज वशिष्ठ ने 99.13, चिराग यादव ने 99.13, रिदम ने 99.13, खुशी ने 99.12, फ्रियांशी सिंगला ने 99.07, रोहित ने 99.06, जतिन ने 99.03, सिशांत यादव ने 99.03, अगसत्य ने 99.03, शिखर यादव ने 99.02 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर संस्था का नाम रोशन किया।

### सड़क सुरक्षा समिति तथा जिला टास्क फोर्स की बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा

## चालू वर्ष के पहले महीने में अधिक लोगों ने गंवाई जान

- वृद्धि पर डीसी ने जताई चिंता, प्रत्येक सड़क दुर्घटना का विस्तृत ऑडिट करने का निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक मंगलवार को उपायुक्त महेंद्र पाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक के दौरान जनवरी माह में हुई सडक़ दुर्घटनाओं का गहन अध्ययन प्रस्तुत किया गया। उपायुक्त को अवगत करवाया गया कि जनवरी 2026 में सडक़ दुर्घटनाओं में 25 व्यक्तियों की मृत्यु हुई, जबकि गत वर्ष इसी माह में यह आंकड़ा 22 था। इस वृद्धि पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक सड़क दुर्घटना का विस्तृत ऑडिट किया जाए और वास्तविक कारणों का पता लगाया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।



**हिसार** ।बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त महेंद्र पाल।

### सड़कों पर बने गड्ढों को तुरंत दुरुस्त करें

उपायुक्त ने निर्देश दिए कि जिन सड़क मार्गों पर पेड़ों की शाखाएं यातायात में बाधा बन रही हैं, वहां उनकी कटाई-छंटाई शीघ्र करवाई जाए। इसके अतिरिक्त सड़कों पर बने गड्ढों को तुरंत दुरुस्त करने तथा जिन स्थानों पर स्पीड ब्रेकर की आवश्यकता है, वहां मानकों के अनुसार स्पीड ब्रेकर बनाए जाने के निर्देश भी दिए गए।

### अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध अभियान

*इस अवसर पर जिला टास्क फोर्स भी आयोजित की गई, जिसमें अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान जिला नगर योजनाकार दिनेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जनवरी माह में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कुल 6 अभियान चलाए गए थे और सभी अभियान सफलतापूर्वक पूर्ण किए गए। इसी प्रकार फरवरी माह में 8 अभियान प्रस्तावित हैं, जिनमें से अब तक 3 अभियानों को पूरा किया जा चुका है। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई में किसी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। बैठक में बरवाला एसडीएम डॉ वेदप्रकाश बेनीवाल, नारनौंद एसडीएम विकास यादव, नगराधीश हरिराम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।*

## खबर संक्षेप

### श्री प्रयागगिरी शिवालय मंदिर ट्रस्ट में लगा भंडारा

**हिसार।** श्री प्रयाग गिरी शिवालय मंदिर ट्रस्ट में भंडारा व हवन किया गया। संस्था के प्रधान बजरंग गर्ग ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के उपरांत हवन और भंडारा पूर्णतः का प्रतीक है। इस अवसर पर राधा कृष्ण खटाना, नारायण दास बंसल, सुरेंद्र सिंगला, सतेंद्र गोयल, रमेश पटवारी, जगत नारायण, ओम प्रकाश असीजा, अंगूरी देवी, अनीता गर्ग, उषा गर्ग आदि मौजूद रहे।

### पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन

**हिसार।** कैमरी रोड स्थित अखिल गायत्री शक्तिपीठ एवं संस्कारशाला में पांच कुंडीय महायज्ञ का आयोजन किया गया। अखिल गायत्री शक्तिपीठ एवं संस्कारशाला के मुख्य ट्रस्टी डॉ. महिपाल मुंजाल एवं हरिद्वार से पहुंचे आरसी मिश्रा ने कहा कि मानवता की सेवा ही सच्चा धर्म है। इस मौके पर कैलाश गर्ग, सुनील कटारिया, सुदर्शन बंसल, राजेंद्र गुप्ता, डॉ. विजय सारस्वत, डॉ. रेखा पवार, मनोज शर्मा, दिनेश बंसल, डॉ. यशपाल मुंजाल, प्रवीण वर्मा, नीरज ढींगड़ा, आलोक सैनी, पूनम सिंधु, डॉ अनिल मित्तल आदि मौजूद रहे।

### सर्व कल्याण मंच ने बांटे जरूरतमंद बच्चों को जूते

**हिसार।** गांव नियाना के सरकारी स्कूल में सर्वकल्याण मंच द्वारा जूता वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जरूरतमंद विद्यार्थियों को जूते वितरित किए गए। इस मौके पर स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत भी किया। इस अवसर पर समाजसेवी नवीन कौशिक, सरपंच विष्णु, चेयरमैन नरेश खरकडी, एसडीओ प्रदीप, साधिका अरोड़ा, एसआई जयगवान, विजय कुमार, प्राचार्य लतिका शर्मा, कर्नल डीपी नेहरा आदि मौजूद थे।

### एचएसवीपी की लापरवाही से प्रॉपर्टी कार्य ठप

**हिसार।** जेजेपी के हलका अध्यक्ष विपिन गोयल ने आरोप लगाया कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण कार्यालय में पिछले लगभग एक माह से कार्य प्रभावित होने के कारण आम जनता एवं प्रॉपर्टी से जुड़े कारोबारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ट्रांसफर परमिशन (टीपी), कंवेंस डीड, डिमॉर्गेज सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्य लंबित पड़े हैं, जिससे प्रॉपर्टी लेन-देन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। गोयल ने कहा कि प्रशासनिक उदासीनता के कारण आम नागरिकों को बार-बार कार्यालय के चक्कर काटने पड़ रहे हैं, लेकिन समाधान नहीं मिल रहा। इससे न केवल आर्थिक नुकसान हो रहा है, बल्कि सरकार की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

### विद्यार्थियों को दिलाई नशा न करने की शपथ

**हांसी।** जिला में चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत नशा मुक्त टीम द्वारा लगातार स्कूलों व कॉलेजों में जाकर युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। नशा मुक्ति टीम द्वारा मंगलवार को राजकीय महाविद्यालय हांसी में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) कैम्प में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को ही प्रभावित करता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। इस अवसर एनसीसी कैडेट्स को सामूहिक रूप से नशा न करने की शपथ दिलाई गई तथा उन्हें समाज में जागरूकता फैलाने का संदेश दिया गया, ताकि अधिक से अधिक लोग इस अभियान से जुड़ सकें।

### हकृवि में पूर्व विद्यार्थियों के लिए गोल्डन जुबली एलुमनाई मीट का आयोजन

# पुराने साथियों से मुलाकात का बेहतरीन मंच है एलुमनाई मीट

**एलुमनाई मीट में नागालैंड के कृषि मंत्री भी हुए शामिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कृषि महाविद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों 1977-81 बैच द्वारा पचास वर्षों की स्वर्णिम दोस्ती पूर्ण होने पर गोल्डन जुबली-एलुमनाई मीट का आयोजन किया गया।

इस दौरान पूर्व छात्रों द्वारा अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें पौधारोपण, सांस्कृतिक एवं संवाद कार्यक्रम शामिल रहे। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने भी शिरकत की। कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि एलुमनाई मीट पूराने साथियों से मुलाकात का बेहतर प्लेटफार्म है। पूर्व विद्यार्थियों के अनुभव और मार्गदर्शन से विश्वविद्यालय को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी।



हिसार। सांस्कृतिक कार्यक्रम के भाग लेते पूर्व छात्र। फोटो : हरिभूमि

#### यहे रहे उपस्थित

कार्यक्रम में मुख्य रूप से नागालैंड के कृषि मंत्री म्हथुंग यंथन, पद्म श्री बख्शी राम, कृषि निदेशक के रूप में नियुक्त नागालैंड की पहली महिला, रोंगसेनिनला ऐयर, सुनील कुमार सचदेवा, चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, सरस्वती शुगर मिल्स, यमुनानगर, अशोक कुमार छाबड़ा, रिटायर्ड डीन कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर, रिटायर्ड डायरेक्टर शुगरकेन ब्रीडिंग इंस्टीट्यूट, कोयंबटूर, तमिलनाडु, नरेश दुग्गल, रिटायर्ड काउंटी मैनेजर इंटीग्रेटेड पेस्ट मैनेजमेंट, काउंटी ऑफ सांता क्लारा, कैलिफोर्निया, यूएसए उपस्थित रहे।

#### पुरानी स्मृतियां हुईं ताजा

पूर्व छात्रों के एक मंच पर पुनः एकत्रित होने से पुरानी स्मृतियां ताजा हुई। कार्यक्रम के माध्यम से एलुमनाई को विश्वविद्यालय द्वारा गत 50 वर्षों के दौरान अर्जित की गई उपलब्धियों, शोध कार्यों तथा कृषि क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में कुलपति ने एक स्मारक पुस्तिका का भी विमोचन किया। यह पुस्तक नरेश दुग्गल, डॉ. अशोक छाबड़ा व द्वारा लिखी गई है। पुस्तक में सभी पूर्व छात्रों की उपलब्धियां, अनुभव और संस्मरणों को संकलित करते हुए उनकी स्वर्णिम यात्रा का जीवंत दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। कार्यक्रम में रामफल चहल द्वारा हरियाणवी संस्कृति पर लिखी पुस्तिका का भी विमोचन किया गया।

#### विदेशों से भी पहुंचे पूर्व छात्र

गौरतलब है कि उपरोक्त बैच में छात्र अपने परिवार सहित इस ऐतिहासिक मिलन समारोह में भाग लेने के लिए विश्व के विभिन्न देशों अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, कनाडा तथा संयुक्त अरब अमीरात से पहुंचे हैं। पूर्व छात्र शिक्षा, प्रशासन और उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों में उच्च पदों पर कार्य कर चुके हैं। कार्यक्रम के दौरान पूर्व छात्र अपने शिक्षकों से मिले, विश्वविद्यालय परिसर का भ्रमण किया तथा विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज के साथ बड़े सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई मुलाकात के दौरान सभी पूर्व छात्रों ने विश्वविद्यालय में पढ़ाई के दौरान हुए अनुभवों को सांझा किया।


हिसार। शानदार प्रदर्शन करने वाली गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी संस्थान की टीम।

## गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी संस्थान ने जीता रजत पदक

- झज्जर के राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में इंटरपॉली फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

राजकीय बहुतकनीकी संस्थान, झज्जर में आयोजित दो दिवसीय इंटरपॉली फुटबॉल टूर्नामेंट में गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी संस्थान, हिसार की टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर रजत पदक हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया है। हिसार की टीम ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान जबरदस्त खेल भावना और कौशल का परिचय दिया। टीम के फाइनल तक पहुंचने का सफर बेहद रोमांचक रहा। क्वार्टर फाइनल मे हिसार ने राजकीय बहुतकनीकी, नारनौल को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल मे कड़े मुकाबले में हिसार ने मेजबान टीम राजकीय बहुतकनीकी, झज्जर को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से शिकस्त देकर फाइनल का टिकट कटाया। खिताबी मुकाबले में हिसार का सामना राजकीय बहुतकनीकी, मंडी आदमपुर से हुआ। एक कड़े संघर्ष के बाद आदमपुर ने हिसार को 2-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि हिसार को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। संस्थान के प्रिंसिपल जगमोहन सिंह ने 16 सदस्यीय टीम के इस सफल प्रदर्शन पर खुशी जाहिर की और सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। पूरे टूर्नामेंट के दौरान खेल प्रभारी लेफ्टिनेंट संदीप ओल्ला टीम के साथ रहे और खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया।

## कम उपस्थिति के आधार पर विद्यार्थियों के नाम काटे, अभाविप ने सौंपा ज्ञापन

- बिना दंड विद्यार्थियों के नाम पुनः दर्ज करने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में बीबीए द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों की अल्प उपस्थिति के कारण उत्पन्न समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) द्वारा विश्वविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया।

कुलपति की अनुपस्थिति में अभाविप द्वारा यह ज्ञापन कुलपति के तकनीकी सलाहकार विनोद छोकर एवं हरियाणा स्कूल ऑफ़ बिज़नेस के निदेशक संजीव कुमार के माध्यम से मजबूती के साथ विश्वविद्यालय प्रशासन के संज्ञान में सौंपा गया। अभाविप ने ज्ञापन में अवगत कराया कि अल्प उपस्थिति के आधार पर विद्यार्थियों के नाम काटे जाना तथा उन पर अर्थदंड लगाया जाना विद्यार्थियों के शैक्षणिक भविष्य को प्रभावित कर रहा है।


हिसार। ज्ञापन देते अभाविप के पदाधिकारी एवं सदस्य।

अभाविप ने विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की कि अल्प उपस्थिति के कारण काटे गए विद्यार्थियों के नाम पुनः दर्ज किए जाएं, विद्यार्थियों पर लगाया गया अर्थदंड हटाया जाए तथा उपस्थिति निर्धारण में मासिक प्रणाली के स्थान पर सेमेस्टर की समग्र उपस्थिति को आधार बनाया जाए।

इस मौके पर अभाविप अध्यक्ष कमलदीप अत्री, सचिव निकुंज शर्मा, मोहित शर्मा, हर्ष अग्रवाल, ध्रुव सैनी, बृजेश, ईशांत, ऋतिक एवं मानस्वी सहित अनेक विद्यार्थी एवं अभाविप कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अंडरपास की मांग को लेकर धरना जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उकलाना

अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर चल रहा धरना मंगलवार को 33वें दिन में प्रवेश कर गया। बता दें कि प्रशासन द्वारा फिजिबिलिटी निरीक्षण किए हुए भी 10 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक धरना कमेटी को कोई आधिकारिक सूचना या आश्वासन प्राप्त नहीं हुआ है। इससे क्षेत्रवासियों में निराशा और रोष दोनों बढ़ते जा रहे हैं। धरना कमेटी के प्रधान कपूर सिंह लोटा ने कहा कि प्रशासन की ओर से निरीक्षण तो कर लिया गया, लेकिन उसके बाद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब तक अंडरपास निर्माण की आधिकारिक घोषणा नहीं की जाती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस अवसर पर प्रधान बलजीत नंबरदार, रिंकू वर्मा, मंगल, बलवान सिंह, प्रेम सिंह, लालचंद, मीनाक्षी, संजीव इंदौरा, भजनलाल, रघुवीर सिंह आदि मौजूद थे।

## अनूठी पहल: गोशाला में मनाई फेयरवेल पार्टी, गायों को खिलाया गुड़ और दलिया

- विद्यार्थियों ने सामाजिक सरोकार का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

न्यू आरईडी स्कूल पेटवाड़ के 11वीं व 12वीं कक्षा के छात्रों ने इस बार फेयरवेल पार्टी को अनूठे तरीके से मनाकर नई पहल शुरू कर दी। जहां आमतौर पर स्कूलों में विदाई समारोह पर मिठाई, कोल्ड ड्रिंक और फास्ट फूड पर हजारों रुपये खर्च किए जाते हैं, वहीं इन छात्रों ने गोशाला पहुंचकर गायों के साथ अपनी फेयरवेल मनाई। विद्यार्थियों ने 700 किलोग्राम गुड़ व दलिया गायों को खिलाया। स्कूल डायरेक्टर अशोक दूहन की तरफ से 2100 रुपये का दान भी दिया।

स्कूल डायरेक्टर अशोक दूहन की प्रेरणा से शुरू की गई इस पहल ने एक बार फिर सामाजिक सरोकार का संदेश दिया। दूहन ने कहा कि स्कूलों में वर्षों से चली आ रही परंपरा के तहत फेयरवेल पार्टियों में अनावश्यक खर्च होता है।


नारनौंद। गोशाला में गायों के लिए गुड़ व दलिया डालते छात्र व अध्यापक।

यदि यही राशि समाज हित में लगाई जाए तो विद्यार्थियों में सेवा भाव भी विकसित होता है। उन्होंने बताया कि जब यह प्रस्ताव छात्रों और अभिभावकों के सामने रखा गया तो सभी ने सहर्ष सहमति जताई। पिछले सात वर्षों से स्कूल में इसी तरह गोशाला में फेयरवेल मनाने की परंपरा निभाई जा रही है और आगे भी इसे जारी रखा जाएगा। इस अवसर पर स्कूल डायरेक्टर अशोक दूहन, प्राचार्या सोनिया सहित स्टाफ सदस्य जितेंद्र, सुधीर, सुनील, अजय, सुमित, कमलेश, पूनम, मेनका, नीलम, ज्योति, मैना, मीना व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। छात्रों की यह पहल न केवल क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी, बल्कि अन्य शिक्षण संस्थानों के लिए भी प्रेरणा बन गई है।



हिसार। जागरूकता रैली निकालती कॉलेज की छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### लक्ष्मीबाई कॉलेज भिवानी रोहिल्ला की छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

**हिसार।** भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के तीसरे दिन गांव भिवानी रोहिल्ला में जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली का शुभारंभ महाविद्यालय डायरेक्टर डॉ नीलम प्रभा व प्राचार्या डॉ. शमीम शर्मा ने हरी झंडी दिखा कर किया। महाविद्यालय डायरेक्टर डॉ. नीलम प्रभा ने कहा कि इस रैली के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों में नशा मुक्ति, सड़क सुरक्षा, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पर्यावरण संरक्षण आदि विषयों पर जागरूकता लाने का प्रयास करना चाहिए। एनएसएस स्वयंसेविकाओं द्वारा गांव में साइबर सुरक्षा' के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए एक नुक्कड़ नाटक भी इसके साथ साथ कुकिंग क्लास का भी आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय प्राचार्या डॉ शमीम शर्मा ने छात्राओं को पाक कला के विभिन्न गुर सिखाए। एनएसएस प्रभारी ज्योति वर्मा ने कहा कि एनएसएस का उद्देश्य समाज सेवा के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास करना है।

### जनगणना सरकार का अहम कार्य

**हिसार।** जनगणना 2027 के सफल आयोजन को लेकर मंगलवार को लघु सचिवालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त महेंद्र पाल ने की। बैठक में सांख्यिकी विभाग, शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जनगणना की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को व्यापक दिशा-निर्देश दिए। उन्हें अवगत करवाया गया कि शीघ्र ही मास्टर ट्रेनरों को जनगणना कार्य के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, ताकि आगे क्षेत्र स्तर पर कर्मचारियों को प्रभावी ढंग से प्रशिक्षित किया जा सके। उपायुक्त महेंद्र पाल ने कहा कि जनगणना सरकार का एक अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, जिसके आधार पर ही भविष्य की योजनाएं, नीतियां और विकास कार्यक्रम तैयार किए जाते हैं। इसलिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण कर लें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनगणना से संबंधित सभी व्यवस्थाएं, संसाधन और कार्मिकों की तैनाती पूर्व निर्धारित समय सीमा के अनुसार सुनिश्चित की जाए, ताकि कार्य सुचारू एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न हो सके।

## 5 हजार मीटर रेस में पूनम व संदीप ने मारी बाजी

- डीएन कॉलेज में 72वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ
- खेल हमारे जीवन के अभिन्न अंग : शोभा चहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

दयानन्द महाविद्यालय के वार्षिक खेल उत्सव का मंगलवार को शुभारंभ हुआ। पहले दिना पुरुष व महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ करवाई गई। इसमें संदीप ने प्रथम, मनोज कुमार ने द्वितीय तथा अजीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं महिला वर्ग में पूनम ने प्रथम, निशा ने द्वितीय तथा प्रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इससे पूर्व मुख्यअतिथि के रूप में शोभा चहल उपस्थित रही और हरी झंडी दिखाकर खेल की शुरुआत की। अपने संबोधन में शोभा चहल ने कहा कि खेल हमारे जीवन के अभिन्न अंग है, इनका उद्देश्य न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक विकास और सामाजिक कौशल को भी बढ़ावा देता है यह खेल उत्सव गति शक्ति और खेल भावना का उत्सव है। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्षा प्रोफेसर सुरजीत कौर, सुनील ढुकिया, जयबीर धतरवाल, रविंद्र कुमार, विक्रम, पूजा कलोई, रोहताश तथा वीरेंद्र उपस्थित आदि रहे।


हिसार। पांच हजार मीटर दौड़ में हिस्सा लेतीं छात्राएं।

### बुढ़ापा पेंशन से शर्तें हटाने की मांग

**हिसार।** एसयूसीआई कम्युनिस्ट ने बुढ़ापा पैंशन पर लगाई गई शर्तों को समाप्त करने के लिए कानून बनाए जाने की मांग की है। एसयूसीआई कम्युनिस्ट के राज्य सचिव राजेंद्र सिंह, अनूप सिंह मातनहेल, राज्य सचिव मंडल सदस्य मेहर सिंह बांगड़ ने कहा कि सरकार ने शर्तें लगाकर बुढ़ापा पैंशन को बंद कर दिया था। इसके खिलाफ प्रदेश में जन आक्रोश बढ़ता जा रहा था और जन आक्रोश के दवाब में ही रोकी गई पेंशन को सरकार ने जारी कर दिया है। परन्तु सरकार यह बताए कि क्या लगाई गई शर्तें खत्म कर दी गई हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

### साइबर व महिला सुरक्षा पर किया जागरूक

**हिसार।** गांव शाहपुर में पुलिस एवं हकृवि की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा साइबर सुरक्षा एवं महिला सुरक्षा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में साइबर थाना से एसआई नरेंद्र कुमार तथा महिला समर्पित टीम से एसआई ममता रानी, किरण, मीनाक्षी एवं कम्युनिटी पुलिसिंग टीम ने भाग लिया। एसआई नरेंद्र कुमार ने छात्रों को साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, फेक कॉल, सोशल मीडिया के दुरुपयोग एवं सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के बारे में जानकारी दी। एसआई ममता रानी ने महिला अधिकारों, संबंधित कानूनों, हेल्पलाइन नंबरों एवं आत्मरक्षा के महत्व पर जागरूक किया।

**आयोजन** ढाणा खुर्द गांव की सबसे वृद्ध 102 वर्षीय अंगूरी देवी ने रखी नींव

# हांसी में शहीद राव तुलाराम चौक का शिलान्यास

- चौक पर राव तुलाराम की प्रदेश की सबसे ऊंची प्रतिमा बनेगी
- गोकुल धाम सोसायटी ने चौक के लिए उपलब्ध करवाई जमीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

दिल्ली बाइपास के निकट हांसी के प्रवेश स्थल पर मंगलवार को शहीद राव तुलाराम चौक का विधायक विनोद भयाना की अध्यक्षता में ढाणा खुर्द गांव की सबसे वृद्ध 102 वर्षीय अंगूरी देवी ने विधिवत रूप शिलान्यास किया।

शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए विधायक विनोद भयाना ने कहा कि संत-महापुरुष और शहीद किसी एक जाति विशेष के नहीं होते, बल्कि वे पूरे राष्ट्र की अमूल्य धरोहर होते हैं। उन्होंने कहा कि शहीद राव तुलाराम 1857 की क्रांति के महान योद्धा थे। हांसी में उनके नाम पर चौक का निर्माण होना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। विधायक विनोद भयाना ने शहीद राव तुलाराम चौक के निर्माण_य के लिए पांच लाख देने की घोषणा की।


हांसी। शहीद राव तुलाराम चौक का शिलान्यास करती अंगूरी देवी उनके साथ हैं विधायक विनोद भयाना व अन्य। फोटो : हरिभूमि

इस मौके यादव सभा के प्रधान ओम प्रकाश यादव, ब्लॉक समिति अध्यक्ष शीला यादव, उप-प्रधान दयानंद यादव, विधायक के राजनीतिक सलाहकार दिनेश भूटानी, डॉ. सुमन यादव नगर पार्षद हिसार, विधायक के सुपुत्र साहिल भयाना व अंशुल भयाना, सुभाष यादव, डॉ. सीताराम यादव, सोनू जांगड़ा, तनुज खुराना, विष्णु शर्मा, सुरजीत यादव, नवीन ठाकुर, सुरजीत गुर्जर, प्रवीण खटीक, मास्टर अजीत सिंह, गुलाब सिंह यादव, सरपंच संदीप, विधायक के निजी सचिव रवि अरोड़ा आदि थे।

#### 102 वर्षीय बुजुर्ग महिला से लिया आशीर्वाद

कार्यक्रम के दौरान विधायक ने 102 वर्षीय बुजुर्ग महिला अंगूरी देवी के चरण स्पर्श कर उनसे आशीर्वाद लिया। बता दें कि अंगूरी देवी गोकुलधाम ट्रस्ट के निदेशक मनोज यादव की दादी हैं। विधायक ने शहीद राव तुलाराम चौक निर्माण के लिए 200 वर्ग गज भूमि दान देने पर गोकुलधाम सोसायटी के निदेशक विष्णु शर्मा, राजपाल यादव, मनोज यादव, कुलबीर अहलावत सहित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त भी किया।

#### शीघ्र स्थापित होगी प्रतिमा : राजपाल यादव

इस अवसर समाजसेवी राजपाल यादव ने कहा कि शहीद राव तुलाराम चौक के निर्माण का कार्य युद्ध स्तर पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चौक को भव्य और आकर्षक स्वरूप दिया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश की सबसे ऊंची प्रतिमा स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर राजपाल यादव ने चौक निर्माण में 36 बिरादरियों द्वारा दिए गये आर्थिक सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर झज्जर निवासी राव धर्मपाल सिंह द्वारा शहीद राव तुलाराम की प्रतिमा देने की घोषणा की।